प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.11.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केरलम के तिरअनंतपुरम में संसद और राज्य विधानसभाओं के लोक लेखा समिति का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए केन्द्र और राज्य स्तर पर विशेष प्लेटफार्म बनाने पर बल दिया।

****

राज्य के सभी बूथों पर आज चुनाव पाठशाला और बीएलओ तथा बीएलए–2 की पांचवीं बैठक आयोजित हुई। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाल के अवसर पर रामगढ़ जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान दो बार नोटिस के बाद दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने वाले मतदाताओं और नये वोटरों को जोड़ने पर विशेष रूप से जोर दिया।

****

राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में रांची में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने मैटर्नल, पेरिनेटल और चाइल्ड डेथ सर्विलांस एंड रिस्पांस विषय पर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मातृ–शिशु मृत्यु में कमी लाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने हजारीबाग बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के हुरहुरू बाबा पथ स्थित सुभाष बारला मार्ग पर दो ठिकानों पर एनआईए ने लगभग छह घंटे तक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और एक प्रिंटर रांची ले गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फेक करेंसी से जुड़े मामले में एनआईए ने दबिश दी है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीपावली से पहले पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा की कलावती मुंडा और उनके बेटे दिलीप मुंडा को विशेष आमंत्रण देकर राष्ट्रपति भवन बुलाकर मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। राष्ट्रपति का कलावती और दिलीप से नौ साल पुराना जुड़ाव है, जब वर्ष 2017 में झारखंड की राज्यपाल रहते हुए उन्होंने कठिन परिस्थितियों से गुजर रही कलावती के बेटे की परवरिश और शिक्षा की जिम्मेदारी उठाई थी।

****

दीपोत्सव के मद्देनजर बाजार में रौनक दिख रही है और चहल पहल बढ़ गई है। हजारीबाग के सुदूरवर्ती कटकमदाग प्रखंड के हत्थामेडी गांव की रहने वाली रेखा देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजाइनर दीया बना रही हैं। उन्होंने बताया कि श्री मोदी से आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा मिली है।

****

लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर नागरिक सुविधाएं देने के लिए रांची की महापौर रोशनी खलखो ने निगम पदाधिकारियों के साथ शहर के छह प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया तथा छठ पूजा समितियों से संवाद कर उनकी जरूरतें जानी और निगम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

****

कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्य को निलंबित किये जाने का छात्राओं ने विरोध जताया। छात्राओं का आरोप है कि प्रधानाचार्य के स्कूल में पदस्थापन के बाद से विद्यालय में पठन–पाठन कार्य मे काफ़ी सुधार हुआ है और परीक्षाफल भी बेहतर हुआ है।

****

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से संबद्ध माय भारत की ओर से सिमडेगा में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रहा, जिसमें जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने विकसित भारत युवा संसद के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए युवाओं में संसदीय समझ विकसित करने पर जोर दिया।

*********समाप्त*********